आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 बुधवार 06.08.2025

मुख्य समाचारः—

1— बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक माओवादी मारा गया—इसी जिले में नौ माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण।

2— राजस्व मंत्री से चर्चा के बाद प्रदेश में तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों ने बीते अट्ठाईस जुलाई से जारी हड़ताल को समाप्त किया।

3— राज्य विद्युत वितरण कंपनी ने अपने सभी अधिकारियों—कर्मचारियों को अपने घरों में तीन महीने के भीतर प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर पावर प्लांट लगाने को कहा।

4— मौसम विभाग के अनुसार आगामी आठ और नौ अगस्त को प्रदेश के विभिन्न जिलों में हो सकती है व्यापक वर्षा।

माओवादी मुठभेड़/आत्मसमर्पण

बीजापुर जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक माओवादी मारा गया है। यह मुठभेड़ गंगालूर क्षेत्र में उस समय हुई, जब डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड—डीआरजी और स्पेशल टास्क फोर्स—एसटीएफ की संयुक्त टीम तलाशी अभियान पर थी। इस दौरान जंगल में घात लगाए बैठे माओवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। जवानों द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में एक माओवादी मारा गया है। सुरक्षा बलों ने घटनास्थल से मारे गए माओवादी के शव के साथ ही हथियार भी बरामद किए हैं।

इस बीच, बीजापुर जिले में ही आज नौ माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया। इनमें से छह माओवादियों पर कुल चौबीस लाख रूपये का इनाम घोषित था। आत्मसमर्पण करने वाले सभी माओवादियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत पचास—पचास हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

बीजापुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रवीन्द्र कुमार मीणा ने बताया कि शासन की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर अब बड़ी संख्या में माओवादी हिंसा त्याग कर समाज की मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं।

राजस्व अधिकारी हड़ताल—खत्म

राज्य में बीते अट्ठाईस जुलाई से जारी तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों की हड़ताल समाप्त हो गई है। ये अधिकारी अपनी सत्रह सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर थे। राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने आज रायपुर में राजस्व संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में शासन की ओर से कुछ मांगों पर विचार करने का आश्वासन देने के बाद राजस्व अधिकारियों ने अपनी हड़ताल खत्म करने की घोषणा की।

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए कहा कि शासन की ओर से राजस्व अधिकारियों को यह आश्वासन दिया गया कि सरकार उनके हित में निर्णय लेगी।

## पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं। योजना के तहत रूफटॉप सोलर पावर प्लांट स्थापित करने के लिए केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा एक किलो वाट पर पैंतालीस हजार और तीन किलो वाट पर एक लाख आठ हजार रूपए तक का अनुदान दिया जाएगा। श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य लोगों को बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना और मासिक बिजली बिल में कमी लाना है।

राज्य के उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा है कि सरकार लोगों को रूफटॉप सोलर पावर प्लांट लगाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है।

इस बीच, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के मुख्य अभियंता ने बताया कि विद्युत कंपनी के सभी नियमित अधिकारी–कर्मचारियों को अपने आवासीय परिसरों में तीन महीने के भीतर रूफटॉप सोलर पावर प्लांट लगाने की सलाह दी गई है। ऐसा नहीं करने वालों पर बिजली बिल में विशेष रियायत की सुविधा को स्थगित किए जाने पर विचार किया जाएगा।

## बिजली योजना–कांग्रेस प्रदर्शन

राज्य सरकार द्वारा बिजली बिल हाफ योजना में बदलाव किए जाने के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कल सात अगस्त को सभी जिला मुख्यालयों में विद्युत मंडल के कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन करेगी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि बिजली बिल हाफ योजना बंद करने के फैसले के खिलाफ कांग्रेस द्वारा चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।
उन्होंने कहा कि इस योजना में बदलाव से आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। कांग्रेस इस योजना को पहले की तरह लागू करने की मांग कर रही है।

## मुख्यमंत्री–स्काउट गाईड

भारत स्काउट्स और गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा प्रदेशभर में 'एक राखी सैनिक भाइयों के नाम' अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत राज्य के सभी जिलों के बुलबुल, गाइड और रेंजर बहनों द्वारा अपने हाथों से बनाई हुई राखियां सैनिक के लिए प्राप्त हुई है, जिन्हें सीमा पर तैनात सैनिकों को भेजा जा रहा है। आज इस संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से रायपुर स्थित उनके निवास कार्यालय में के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की और इस अभियान के बारे में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि इस पहल से बच्चों में देशभक्ति की भावना बढ़ेगी और हमारे जवानों को भी भावनात्मक संबल मिलेगा।

इस बीच, बिलासपुर जिले के सरकंडा में भारत स्काउट्स और गाइड्स द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कब–बुलबुल उत्सव और हीरक पंख जांच शिविर का कल समापन हुआ। तीन दिवसीय इस शिविर में प्रदेश के पंद्रह जिलों से चयनित लगभग चार सौ कब–बुलबुल सहित इकतीस अधिकारी शामिल हुए। शिविर में फैंसी ड्रेस, जंगल नृत्य, ड्राइंग और पेंटिंग सहित विभिन्न रचनात्मक और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

## हर घर तिरंगा

देशभर में दो से पंद्रह अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में यह अभियान तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा है। पहले चरण के तहत दो से आठ अगस्त तक विद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों में तिरंगा आर्ट, रंगोली, तिरंगा राखी निर्माण जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। दूसरे चरण के तहत नौ से बारह अगस्त के दौरान जगह–जगह जन सहभागिता से तिरंगा मेले और कंसर्ट आयोजित किए जाएंगे। वहीं,

तीसरे और अंतिम चरण के तहत तेरह से पंद्रह अगस्त तक शासकीय भवनों, शैक्षणिक संस्थानों सहित विभिन्न जगहों पर तिरंगा फहराया जाएगा और रौशनी की जाएगी। इस दौरान लोगों को स्वच्छता और जल संरक्षण के बारे में जागरूक भी किया जाएगा।

एनटीपीसी–हादसा

बिलासपुर जिले के सीपत स्थित राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम–एनटीपीसी में आज हुए हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई है। जबकि, चार अन्य मजदूर घायल हुए हैं। एनटीपीसी के जनसंपर्क अधिकारी प्रवीण रंजन ने बताया कि यह हादसा उस समय हुआ, जब एनटीपीसी प्लांट के यूनिट–पांच में वार्षिक रखरखाव का कार्य चल रहा था।

घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों और मजदूर संगठनों ने सीपत मार्ग पर चक्काजाम कर प्रदर्शन किया।

मुख्यमंत्री–नमी राय पारेख

एशियन अफ्रीकन पैसिफिक पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता नमी राय पारेख ने आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से रायपुर स्थित उनके निवास कार्यालय में मुलाकात की।

नमी राय ने पांच से तेरह जुलाई तक जापान के हिमेजी में आयोजित एशियन अफ्रीकन पैसिफिक पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में संतावन किलोग्राम डेडलिफ्ट वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया था।

मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि के लिए नमी राय पारेख को बधाई देते हुए कहा कि इससे प्रदेश की बेटियों को प्रेरणा मिलेगी।

मौसम

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में आठ और नौ अगस्त को व्यापक वर्षा हो सकती है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

इस बीच, महासमुंद जिले के मूढ़ीपार गांव में आज दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से खेत में काम कर रहे पति–पत्नी की मौत हो गई। वहीं, एक अन्य व्यक्ति झुलस गया। गंभीर रूप से घायल इस व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

संक्षिप्त समाचार

– भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने नवा रायपुर में कॉमन फैसिलिटी सेंटर की स्थापना को मंजूरी दे दी है। इससे अब छत्तीसगढ़ को इलेक्ट्रॉनिक टेस्टिंग और प्रोटोटाइपिंग के लिए बेंगलुरु, पुणे या नोएडा जैसे शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

– रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय और रांची स्थित भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान अब जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान और फसल सुधार के लिए मिलकर कार्य करेंगे। इस संबंध में आज दोनों संस्थानों के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

– कोरबा जिले के सभी विकासखंडों में खनिज न्यास निधि से एक सौ बासठ नई राशन दुकानों का निर्माण किया जाएगा।

– बलौदाबाजार जिले के लच्छनपुर माध्यमिक शाला में बीती अट्ठाईस जुलाई को कुत्ते द्वारा जूठा किया गया मध्यान्ह भोजन बच्चों को परोसने के मामले में राज्य शासन ने प्रभारी प्रधान पाठक और एक शिक्षक को निलंबित कर दिया है।

– खनिज विभाग की टीम ने जांजगीर–चांपा जिले के नवापारा स्थित हसदेव नदी से रेत का अवैध उत्खनन करते तीन जेसीबी वाहन और एक हाईवा को जब्त किया है।

– जशपुर जिले के लोदाम क्षेत्र में वाहनों की जांच के दौरान पुलिस ने एक ट्रक से करीब तीस लाख रूपये कीमत का अवैध तंबाखू गुटखा जब्त किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>